निबंधित

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0** :– 01/भू0अ0नि0(2)गुल0स्था0(अनुकम्पा)–15/2025..2564.... पटना, दिनांक :–30/07/2026

**आदेश**

जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला अनुकम्पा समिति, पटना के ज्ञापांक 906 दिनांक 28.03.2026 के क्रम संख्या–3 पर स्व0 राजेश्वर दयाल, उच्चवर्गीय लिपिक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग के आश्रित पुत्री सुश्री ईशा दयाल को निम्नवर्गीय लिपिक (समूह–ग) के पद हेतु अनुशंसित किया गया है। उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण गुलाजारबाग, पटना के पत्रांक 615 दिनांक 07.07.2026 द्वारा सुश्री दयाल के शैक्षणिक प्रमाण पत्र का सत्यापन कराकर अनुकम्पा समिति की अनुशंसा के आलोक में नियुक्ति पत्र निर्गत करने की अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा समय–समय पर निर्गत प्रावधान तथा सरकार द्वारा समय–समय पर स्वीकृत अन्य भत्तों के साथ निम्नवर्गीय लिपिक के पद वेतनमान–5200–20200, ग्रेड पे–1900 (वेतन स्तर–2) पर सुश्री ईशा दयाल को अस्थायी रूप से नियुक्त किया जाता है।

2. अनुकम्पा पर नियुक्त व्यक्ति पर मृत सरकारी सेवक के सभी आश्रितों के भरण–पोषण का पूर्ण दायित्व होगा। विपरीत सूचना प्राप्त होने पर नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।

3. यदि भविष्य में यह पाया गया कि नियोजित व्यक्ति द्वारा किसी तरह की गलत सूचना तथा धोखाधड़ी के आधार पर नियुक्ति पत्र प्राप्त किया गया है, तो नियोजित व्यक्ति से बिना कारण पृच्छा किये किसी भी समय इनकी सेवा समाप्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

4. सुश्री दयाल को निदेशित किया जाता है कि असैनिक शल्य चिकित्सक का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, दहेज नहीं लेने–देने संबंधी घोषणा पत्र तथा मद्य निषेध के संबंध में शपथ पत्र के साथ उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग पटना के समक्ष आदेश निर्गत की तिथि से एक माह के अन्दर अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक उपरोक्त औपचारिकताओं का पालन करते हुए योगदान नहीं करने की स्थिति में इनकी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी।

5. यह नियुक्ति वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 2469 दिनांक 16.11.2005 के आलोक में नई अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित होगी।

6. योगदान हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

Suharsh 30/07/26
**(सुहर्ष भगत)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01/भू0अ0नि0(2)गुल0स्था0(अनुकम्पा)–15/2025..2564.... **पटना, दिनांक** :–30/07/2026

**प्रतिलिपि** :– सुश्री ईशा दयाल, पिता–स्व0 राजेश्वर दयाल, गायघाट करनालगंज, पो0–गुलजारबाग, थाना–आलमगंज, जिला–पटना–800007 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 30/07/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01 / भू0अ0नि0(2)गुल0स्था0(अनुकम्पा)–15 / 2025 2564 **पटना, दिनांक** :– 30/07/2026

**प्रतिलिपि** :– कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 28/07/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01 / भू0अ0नि0(2)गुल0स्था0(अनुकम्पा)–15 / 2025 2564 **पटना, दिनांक** :– 30/07/2026

**प्रतिलिपि** :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–7 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 28/07/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01 / भू0अ0नि0(2)गुल0स्था0(अनुकम्पा)–15 / 2025 2564 **पटना, दिनांक** :– 30/07/2026

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आदेश की प्रति निदेशालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 28/07/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप